# 081 सूरह तकवीर. (मजामीन)

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब.
मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ साहब.

**नोट.- ये PDF कोई भाषा या व्याकरण नही हे,**
**बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.**

## बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

**» कयामत का खौफनाक मंजर और साहिबे कुरान पर ईमान.**

कयामत कैसे कायम होगी, यू समझो के सितारे बेनूर हो जायेगे यानी अपनी रोशनी खो बैठेगे, पहाड उडने लगेगे, कोई दुन्या के कीमती से कीमती माल की भी परवाह नही करेगा, जंगली जानवर इकट्ठे हो जायेगे, समुंदरो मे आग लग जायेगी, ज़िन्दा दफन किये जाने वाली बच्ची से पूछा जायेगा कि तुझे किस जुर्म मे मारा गया? आमाल नामे खोल दिये जायेगे, आसमान की खाल खींच ली जायेगी, जहन्नम को भडका दिया जायेगा, जन्नत करीब कर दी जायेगी, अब हर शख्स अपने आमाल नामे को देख लेगा, ये तमाम वाक्यात तुम्हे इस किताब के जरीये बताये जा-रहे हे, जिस्को ताकतवर (अर्श वाले के नज़दीक) उंचे दर्जे का फरिश्ता लेकर उतरा, हुज़ूरﷺ (अल्लाह की पनाह) दीवाने नही हे, आपने उस फरिश्ते को असली शक्ल मे देखा हे, आप गैब की बाते बताने मे ज़र्रा बराबर कंजूसी नही करते, फिर तुम किधर जा रहे हो? तुम्मे से जो सीधी राह पर चलना चाहे उस्के लिये कुरान मजीद नसीहत हे, और तुम्हारे चाहने से कुछ भी नही होता जब तक अल्लाह तआला ना चाहे.